## लव जिहाद फंडिंग केस में पूर्व पार्षद को हाईकोर्ट से राहत

▸ जिला कोर्ट का आदेश पलटा

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** लव जिहाद के मामलों के लिए आर्थिक मदद कराने के आरोप में जेल में बंद रहे वार्ड-58 से कांग्रेस के पूर्व पार्षद को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिल गई है. एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामलों के आरोपी रहे अनवर कादरी की जमानत याचिका को जिला कोर्ट से खारिज किए जाने के बाद हाईकोर्ट में दायर अपील पर बुधवार को सुनवाई हुई, जहां कोर्ट ने उसे स्वीकार कर लिया.



हालांकि जमानत से जुड़ा औपचारिक आदेश आना अभी शेष है.

यह आदेश जस्टिस सुबोध अभ्यंकर की बेंच ने सुनवाई के बाद पारित किया. कादरी लंबे समय से इस मामले में जेल में बंद था और जिला न्यायालय से राहत न मिलने पर उसने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था. मामला बाणगंगा थाना क्षेत्र से जुड़ा है, जहां जून 2025 में एक युवती ने साहिल शेख और अन्य के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी. युवती ने शिकायत में कहा था कि उसे प्रेम जाल में फंसाकर शारीरिक शोषण किया और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाया. साथ ही बुर्का पहनने के लिए मजबूर करने की बात भी सामने आई थी.

### कुछ दिन रहा फरार, फिर किया था सरेंडर

पुलिस जांच में साहिल शेख ने बयान दिया था कि इस तरह के मामलों को अंजाम देने के लिए अनवर कादरी के माध्यम से करीब दो लाख रुपये की फंडिंग की जाती थी. इसी बयान के आधार पर पुलिस ने अनवर कादरी को मुख्य आरोपी बनाते हुए उसके खिलाफ कई गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया था. केस दर्ज होने के बाद कादरी कुछ समय तक फरार रहा था. बाद में उसने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया, जिसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में था. अब हाईकोर्ट से जमानत मंजूर होने के बाद उसके जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है, हालांकि अंतिम आदेश का इंतजार किया जा रहा है.

## शब-ए-बारात पर खुद सड़कों पर उतरे पुलिस कमिश्नर

▸ रखी सख्त निगरानी, संवेदनशील इलाकों में था भारी बल तैनात

▸ हुड़दंग और ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर तुरंत की गई कार्रवाई



**इंदौर. शब-ए-बारात के अवसर पर शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी रात सक्रिय रही. हालात पर नजर रखने खुद पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह देर रात फील्ड में उतरे और कई इलाकों का भ्रमण कर सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की. साथ ही अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.**

कमिश्नर ने खजराना, बड़वाली चौकी क्षेत्र, लुनियापुरा कब्रिस्तान और आजाद नगर सहित संवेदनशील इलाकों में पहुंचकर चेकिंग पॉइंट्स का निरीक्षण किया और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए. इस दौरान ट्रिपल सवारी, तेज रफ्तार और पटाखे जैसी आवाज करने वाले साइलेंसर वाली बाइक पर विशेष कार्रवाई की गई. कई जगह हुड़दंग करने वालों के वाहन भी जब्त किए. त्योहार के मद्देनजर कब्रिस्तानों और प्रमुख चौराहों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा. भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी की गई. पुलिस की सतर्कता के चलते शब-ए-बारात शहर में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई.

### एक नजर में

## 16 फीट ऊंचे अहिंसा कीर्ति स्तंभ का लोकार्पण




**महू.** जैन समुदाय की आस्था, भक्ति, कला और आध्यात्मिकता के साथ सबसे प्राचीन गौरव का प्रतीक है अहिंसा कीर्ति स्तंभ. सबसे प्राचीन और पूज्यनीय स्मारकों में से एक इस कीर्ति स्तंभ का बुधवार को सकल दिगंबर जैन समाज दूवारा प्लाउड रोड पर, 16 फीट ऊंचे इस अहिंसा कीर्ति स्तंभ का लोकार्पण किया गया. भगवान महावीर के 25,550वें निर्वाण महोत्सव अहिंसा वर्ष के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अतिथि छावनी परिषद महू के मुख्यशासी अधिकारी, विकास कुमार द्वारा लोकापर्ण किया गया. सुरेश खंडेलवाल-महासचिव, भारतीय प्रौढ़ शिक्षा संघ, नई दिल्ली, सतीश अग्रवाल कार्यालय अधीक्षक, छावनी परिषद के साथ ही जैन समाज के अध्यक्ष विमलचंद टोंग्या, महासचिव इंजीनियर सुनील जैन, कोषाध्यक्ष- जयेश जैन एवं समाजजन और महिलाएं सहित बड़ी संख्या में उपस्थित थे. अब से यह स्थान अहिंसा चौक के नाम से पहचाना जाएगा.

## मैराथन : 10 हजार जंप कर 10 किमी दौड़े इंदर सिंह



**महू.** इंदौर में प्रतिवर्ष होने वाली मैराथन दौड़ में इस वर्ष 20 हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया. 3, 5,10 और 20 किलोमीटर की इस मैराथन दौड़ में बच्चे, युवाओं के साथ वृद्धों ने भी भाग लिया. इसमें स्वामी रामदेव के शिष्य योग गुरु, धावक महू के इंदर सिंह ने भी भाग लेकर अनोखा प्रदर्शन किया. उन्होंने पहले 10 हजार बार जंप किए, फिर 10 किलोमीटर मैराथन में भाग लिया. उन्होंने हाथ में तिरंगा थामे दौड़ते हुए भारत माता की जय के नारे लगाते हुए दौड़ पुरी की. मैराथन दौड़ में आकर्षण का केंद्र रहे इंदर सिंह के साथ लोगों ने सेल्फी भी ली. 70 वर्षीय इंदर सिंह का इंदौर मैराथन में यह आठवां वर्ष था. इंद्रसिंह का मानना है कि वे दौड़ व योग के माध्यम से राष्ट्र के युवाओं को संदेश देना चाहते हैं कि जीवन में सबसे पहले स्वस्थ रहें. इसके लिए दौड़ का योग- प्राणायाम आवश्यक है. आर्य रामलाल प्रजापति सहित अनेक गणमान्य जनों ने उन्हें बधाई दी है.

## डीएफए मुरैना महिला फुटबॉल के सेमीफाइनल में

**महू.** मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन एवं इंदौर जिला फुटबॉल संघ के संयुक्त तत्वाधान में यहां आयोजित स्व. भगवानदास शर्मा एवं प्रख्यात फुटबॉलर स्व. शंकरराव नवग्रहे (शंकर दादा) स्मृति ऑल इंडिया सीनियर महिला फुटबॉल लीग प्रतियोगिता के आठवें दिन महिला वर्ग के रोमांचक मुकाबले में डीएफए मुरैना ने 2-0 से मैच जीतकर सेमीफाइनल में स्थान बनाया. प्रतियोगिता के संयोजक नीरज शर्मा एवं अमित शुक्ला ने बताया कि अतिथि के रूप में श्रीमती स्वाती विजयवर्गीय (अध्यक्ष मप्र युवती वैश्य महासम्मेलन), श्रीमती पूजा खंडेलवाल (अध्यक्ष इंदौर जिला वैश्य महासम्मेलन), महू अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष भरतसिंह ठाकुर, सचिव अभिषेक जयसवाल, सुधीर शुक्ला, पत्रकार संघ के उपाध्यक्ष विजय विजयवर्गीय, उमेश खंडेलवाल एवं सतीश शांडिल्य, इंदौर जिला फुटबॉल संघ के कार्यालय सचिव शैलेन्द्र वर्मा एवं सहसचिव श्रीमती अलका वर्मा उपस्थित रहे.

## हनीट्रैप में फंसाने की कोशिश, वकील से 10 लाख मांगे

▸ एक महिला सहित तीन आरोपियों पर केस

**इंदौर. बाणगंगा इलाके में एक वकील को झूठे रेप केस में फंसाने की धमकी देकर मोटी रकम वसूलने की साजिश सामने आई है. एक महिला और उसके दो साथियों ने वकील की सामाजिक छवि खराब करने और फर्जी मामले में फंसाने की धमकी देकर 10 लाख रुपये की मांग की. पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

मामले में सामने आया कि कालिंदी गोल्ड सिटी स्थित एक कार्यालय में प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ता के पास एक व्यक्ति अपनी पत्नी से चल रहे विवाद को लेकर पहुंचा था. उसने पत्नी के कुछ आपत्तिजनक वीडियो दिखाते हुए उसे समझाने की गुहार लगाई. वकील ने महिला को ऑफिस बुलाकर कानूनी सलाह दी. बातचीत के दौरान महिला ने अपने पति के विरोधियों पर झूठा दुष्कर्म का केस दर्ज कराने को लेकर राय मांगी, जिस पर अधिवक्ता ने उसे ऐसा न करने की समझाइश दी. इसके कुछ दिन बाद 31 जनवरी को महिला ने अधिवक्ता को फोन कर पहले फीस की बात की, फिर अचानक धमकी देने लगी. उसने कहा कि उसके आपत्तिजनक वीडियो हटा दो, नहीं तो वह ऐसा फंसाएगी कि समाज में मुंह दिखाने लायक नहीं रहोगे.

### महिला और साथियों ने फोन पर दी धमकियां

बातचीत के बीच महिला ने फोन अपने साथी सागर को दे दिया, जिसने गाली-गलौज करते हुए आरोप लगाया कि अधिवक्ता ने महिला के साथ गलत हरकत की है और इज्जत बचानी है तो 10 लाख रुपये देने होंगे. कुछ देर बाद एक अन्य युवक ओम विश्वकर्मा ने भी कॉल कर पैसे न देने पर जान से मारने और झूठे केस में फंसाकर कॅरियर बर्बाद करने की धमकी दी. लगातार आ रहे कॉल और मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर अधिवक्ता ने बाणगंगा थाने में शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने महिला समेत तीन लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है.

## जहर पीकर बेटियों से कहा 'मैं जा रहा हूं, बाय'

▸ इलाज के दौरान एमवाय अस्पताल में हो गई मौत

**इंदौर. छत्रीपुरा थाना क्षेत्र में 50 वर्षीय व्यक्ति ने जहर खाने के बाद अपनी बेटियों को आखिरी बार 'बाय' कहकर आत्महत्या कर ली. हालत बिगड़ने पर परिजन उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई.**

थाना प्रभारी संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि मृतक रामजीवन पिता रामनारायण उम्र 50 वर्ष निवासी पंचमूर्ति नगर का रहने वाला था. परिजनों ने पुलिस को बताया कि वह सुबह घर से निकलकर मोहल्ले में परिचितों से सामान्य तरीके से मिला और लौटकर बेटियों से विदा लेते हुए चला गया. कुछ ही देर में उसे उल्टियां होने लगीं, तब उसने जहर खाने की बात स्वीकार की. मृतक के दामाद शुभम प्रजापत ने पुलिस को बताया कि रामजीवन लंबे समय से शराब पीने का आदी था और सांस की गंभीर बीमारी से भी परेशान चल रहा था, जिससे वह मानसिक तनाव में रहता था. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

### घर में फांसी लगाकर 13 वर्षीय छात्रा ने दी जान

इंदौर. आजाद नगर थाना क्षेत्र में 13 साल की नाबालिग छात्रा ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना के समय माता-पिता काम पर गए हुए थे. बच्चों के दरवाजा अंदर से बंद मिलने पर सूचना देने के बाद परिजन पहुंचे और दरवाजा तोड़कर बच्ची को फंदे से उतारा, लेकिन अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया .आजाद नगर थाना प्रभारी लोकेश भदौरिया ने बताया कि मृतका प्राची पिता धर्मेंद्र आजाद नगर क्षेत्र में रहती थी. परिजनों ने पुलिस को बताया कि उसकी तबीयत कुछ समय से खराब चल रही थी और वह करीब एक महीने से स्कूल नहीं जा पा रही थी, हालांकि चार दिन पहले ही दोबारा स्कूल जाना शुरू किया था. पुलिस ने मर्ग कायम कर आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है.

## एमजीएम कॉलेज में हाईटेक हिस्टोपैथोलॉजी लैब शुरू

▸ विश्व कैंसर दिवस पर किया गया लैब का शुभारंभ

**इंदौर. विश्व कैंसर दिवस के मौके पर एमजीएम मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग में एडवांस्ड हिस्टोपैथोलॉजी लैबोरेटरी का शुभारंभ किया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा उपाध्यक्ष डॉ. निशांत खरे मौजूद रहे.**




लैब पूरी तरह ऑटोमेटेड और आधुनिक तकनीक से लैस है, जहां कैंसर सहित अन्य गंभीर बीमारियों की जांच अब पहले से ज्यादा तेज और सटीक तरीके से की जा सकेगी. पहले भी बायोप्सी जांच होती थी, लेकिन नए सिस्टम से रिपोर्ट मिलने में लगने वाला समय काफी कम होगा और निदान की गुणवत्ता बेहतर होगी. करीब आठ महीने की प्रक्रिया के बाद शासन ने लैब के रिनोवेशन और अपग्रेडेशन के लिए लगभग एक करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की थी, जिसे लंबे समय से पैथोलॉजी विभाग प्रयास कर रहा था.

**मेडिकल कॉलेज के लिए एक बड़ी उपलब्धि**-डीन डॉक्टर अरविंद घनघोरिया ने बताया कि यह मेडिकल कॉलेज के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, इससे कैंसर मरीजों को समय पर सही जांच मिलेगी और इलाज अधिक प्रभावी हो सकेगा. वहीं विभागाध्यक्ष डॉ. मीना मित्तल ने शासन और कॉलेज प्रबंधन का आभार जताते हुए कहा कि नई लैब से विभाग की कार्यक्षमता बढ़ेगी और मरीजों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी.

## हाई कोर्ट बार एसोसिएशन इंदौर को मिला सबसे युवा अध्यक्ष

▸ नई कार्यकारिणी ने संभाला पदभार

इंदौर. हाई कोर्ट बार एसोसिएशन इंदौर के इतिहास में पहली बार 42 वर्षीय मनीष यादव अध्यक्ष बने हैं. वर्ष 1960 में बनी बार एसोसिएशन के बाद से अब तक के वे सबसे कम उम्र के अध्यक्ष हैं. उनके साथ नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने प्रशासनिक न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला की मौजूदगी में पदभार ग्रहण किया. कार्यकारिणी में अभिषेक तुगनावत उपाध्यक्ष, मनीष गडकर सचिव और अमित राज सहसचिव बने हैं. वहीं कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में राहुल पांचाल, तेजस जैन, अमन मालवीय, रश्मेंद्र सूर्यवंशी और अनिक जैन ने भी जिम्मेदारी संभाली. पदभार ग्रहण समारोह में अध्यक्ष मनीष यादव ने अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने का भरोसा दिलाया.



## दिनदहाड़े घर के बाहर से दवाइयों की चोरी

इंदौर. एमजी रोड थाना क्षेत्र में दिन के उजाले में चोरों ने एक घर के बाहर रखी जानवरों की दवाइयों पर हाथ साफ कर दिया. वारदात के बाद से इलाके में सुरक्षा को लेकर लोगों में चिंता है. एमजी रोड थाना प्रभारी विजय सिंह सिसौदिया ने बताया कि फरियादी 22 वर्षीय कार्तिक तंवर पिता राजेश तंवर निवासी 470, पुराना एमजी रोड थाने के पीछे की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. फरियादी के घर के बाहर रखी जानवरों की दवाइयां कोई अज्ञात बदमाश चुरा ले गया. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मौके का मुआयना कर आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है. चोर की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं.

## अवैध शराब के साथ युवक को पकड़ा

इंदौर. द्वारकापुरी पुलिस ने देर रात अहीरखेड़ी मैदान के पास कार्रवाई कर एक आरोपी को अवैध शराब की खेप के साथ गिरफ्तार किया. थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने बताया कि आरोपी के कब्जे से देशी मसाला और प्लेन शराब के कुल 300 क्वार्टर, कीमत करीब 25,600 रुपये जब्त किए. साथ ही एक्टिवा स्कूटी भी पुलिस ने कब्जे में ली.


## नगर पालिक निगम, इन्दौर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री (जलप्रदाय)
नर्मदा परियोजना परिसर मूसाखेड़ी, इन्दौर
E-mail: ee2_narmada@rediffmail.com, Ph.: 0731-2712846

निविदा सूचना क्रमांक: 49/2025-26/नर्मदा.परि/न.पा.नि.

**निविदा आमंत्रण सूचना**

इन्दौर, दिनांक: 03.02.2026

निम्नलिखित कार्य के लिये निविदाऐं ''प्रतिशत दर एवं आयटम दर'' निविदा प्रारूप पर पंजीकृत ठेकेदारों से, जो कि आवश्यक अर्हता रखते हो, से आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD |
|---|---|---|---|
| 01 तृतीय आमंत्रण | जोन क्रमांक-01 वार्ड क्रमांक-04 अंतर्गत आम्रकुंज कॉलोनी, ऋषि शिक्षण संस्थान की गली में विधायक निधि के अंतर्गत शासकीय बोरिंग से 63 एम.एम. व्यास की नवीन एच.डी.पी.ई. पाईप लाइन बिछाने एवं नल कनेक्शन करने का कार्य। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 15 दिवस 2) ₹ 83,415/- | 1) ₹1,668/- 2) ₹1,000/- |
| 02 तृतीय आमंत्रण | जोन क्रमांक-01 वार्ड क्रमांक-04 अंतर्गत अखण्ड नगर में श्री शुभम सोलंकी जी की गली में पूर्व से खनित शासकीय बोरिंग से 63 एम.एम. व्यास की नवीन एच.डी.पी.ई. पाईप लाइन बिछाने एवं नल कनेक्शन करने का कार्य। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 15 दिवस 2) ₹ 84,282/- | 1) ₹1,686/- 2) ₹1,000/- |
| 03 तृतीय आमंत्रण | नर्मदा परियोजना मूसाखेड़ी स्थित प्रयोगशाला में परीक्षण कार्य हेतु आवश्यक सर्टीफाईड रेफरेन्स मटेरियल क्रय करने का कार्य। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 15 दिवस 2) ₹ 92,080/- | 1) ₹1,842/- 2) ₹1,000/- |
| 04 द्वितीय आमंत्रण | जोन क्रमांक-11 वार्ड क्रमांक-54 अंतर्गत मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग पुल के बंगला नं. सी-8 में नल कनेक्शन करने का कार्य। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 15 दिवस 2) ₹ 60,688/- | 1) ₹1,214/- 2) ₹1,000/- |
| 05 द्वितीय आमंत्रण | जोन क्रमांक-11 वार्ड क्रमांक-54 अंतर्गत मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग पुल के बंगला नं. सी-1 में नल कनेक्शन करने का कार्य। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 15 दिवस 2) ₹ 79,748/- | 1) ₹1,595/- 2) ₹1,000/- |
| 06 द्वितीय आमंत्रण | जोन क्रमांक-14 वार्ड क्रमांक-82 अंतर्गत सुदामा नगर में मकान नं. 2327 के सामने तथा श्रीराम नगर गली नं. 4 में वॉल्व चेम्बरों का निर्माण कार्य तथा रहवासियों के निजी नल कनेक्शन करने का कार्य। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 15 दिवस 2) ₹ 82,555/- | 1) ₹1,651/- 2) ₹1,000/- |
| 07 द्वितीय आमंत्रण | जोन क्रमांक-14 वार्ड क्रमांक-82 अंतर्गत शांतिनाथपुरी बगीचे के कुएं में मोटर पम्प डालने तथा हवाबंगला एवं शंकराचार्य गेट पर स्थित बोरिंग से हाईड्रेन्ट का निर्माण कार्य। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 15 दिवस 2) ₹ 84,282/- | 1) ₹1,686/- 2) ₹1,000/- |

टिप:
- आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल म.प्र. द्वारा जारी सर्क्युलर क्रमांक या.प्रा./07/2013/3616 भोपाल दिनांक 22/5/2013 अनुसार निविदा स्वीकृत होने के उपरांत न्यूनतम निविदादाता के अनुबंध के साथ 3 प्रतिशत प्रतिभूति राशि जमा कराना अनिवार्य होगा।
- ई.पी.एफ. रजिस्ट्रेशन की जानकारी निविदा प्रपत्र के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

टिप्पणी -
- निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक 10.02.2026 सायं 05.30 बजे तक, स्थान-कार्यालय, कार्यपालन यंत्री, (जलप्रदाय) संधारण खंड क्रमांक-2 नर्मदा परियोजना मूसाखेड़ी, इन्दौर।
- निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की दिनांक 11.02.2026 सायं 05.30 बजे तक, स्थान-कार्यालय, कार्यपालन यंत्री, (जलप्रदाय) संधारण खंड क्रमांक-2 नर्मदा परियोजना मूसाखेड़ी, इन्दौर।
- निविदा प्रपत्र खोलने की दिनांक 12.02.2026 दोपहर 03.00 बजे के पश्चात स्थान-कार्यालय, कार्यपालन यंत्री, (जलप्रदाय) संधारण खंड क्रमांक-2 नर्मदा परियोजना मूसाखेड़ी, इन्दौर के कक्ष में।
- निविदा के साथ धरोहर राशि के रूप में मूल एफ.डी.आर. प्रस्तुत करना होगा।
- यह संक्षिप्त निविदा है, निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारियाँ अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।
- ई.पी.एफ. कार्यालय में पंजीयन हेतु आवश्यक आर्हता रखने वाली फर्म/ठेकेदार का पंजीयन होना आवश्यक है।
डाक (पोस्ट) के माध्यम से निविदा विलंब से प्राप्त होने पर विभाग की कोई जवाबदारी नहीं होगी एवं निर्धारित दिनांक के बाद प्राप्त होने वाली निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री
(जलप्रदाय)
नगर पालिक निगम, इन्दौर


### एक नजर में

**स्थानीय निवासियों द्वारा लगातार शिकायतें करने के बावजूद स्थाई समाधान निकालने में नाकाम जिम्मेदार अधिकारी**

## शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार बनी हुई है दूषित पानी की समस्या



**इंदौर. देश के सबसे स्वच्छ इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से हुई 32 मौतों की त्रासदी के बावजूद शहर में गंदे पानी की आपूर्ति जारी है. शहर के विभिन्न क्षेत्रों से दूषित पानी की शिकायतें सामने आ रही हैं. स्थानीय निवासियों द्वारा लगातार शिकायतें किए जाने के बावजूद, नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी कोई ठोस और स्थायी समाधान निकालने में नाकाम रहे हैं, जिससे शहर में स्वास्थ्य को लेकर खतरा बना हुआ है।**

दूषित पानी की गंभीर समस्या रिंग रोड के समीप वेलोसिटी टॉकीज के पीछे स्थित बड़ा शिवबाग कॉलोनी वार्ड 40 से भी सामने आई है. पानी की किल्लत को लेकर क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश है. क्षेत्र की कुछ गलियों में पिछले लंबे समय से पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है. यहां नर्मदा लाइन डाले जाने के बावजूद आज तक नियमित जलापूर्ति शुरू नहीं हो पाई है. जब कभी पानी आता भी है तो वह बेहद कम मात्रा में और दूषित होता है, जिससे लोगों को पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है. इस समस्या को लेकर क्षेत्र की पांच नंबर गली के रहवासियों द्वारा नगर निगम में कई बार शिकायतें की गई, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकल पाया.

लगभग पांच माह पहले इस समस्या को लेकर नवभारत ने खबर भी प्रकाशित की थी. उस दौरान क्षेत्रीय पार्षद से भी चर्चा की गई थी और उन्होंने पाइन लाइन की जांच की बात कही थी. हालांकि, हाल ही में एक सप्ताह पूर्व कुछ स्थानों पर लाइन टेस्टिंग की भी गई, इसके बावजूद गली में पानी नहीं पहुंच रहा है. स्थिति यह है कि लोगों को दूसरे क्षेत्रों में बनी पानी की टंकियों से दूर से पानी ढोकर लाना पड़ रहा है. दूषित पानी से स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ते जा रहे हैं. क्षेत्रवासियों ने नगर निगम प्रशासन से शीघ्र नियमित और स्वच्छ जलापूर्ति की मांग की है.

### यह बोले रहवासी...



प्रेशर नहीं होने के कारण गालियों के अंदर बने घरों तक पानी नहीं पहुंच पाता है. पानी की किल्लत के चलते सभी लोगों को इधर-उधर दूर-दूर से पानी का बंदोबस्त करना पड़ता है. शिकायत के बाद भी समस्या हल नहीं हो पा रही है. **- प्रभा चौहान**



इस समस्या को लेकर सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत की. अब अधिकारी समस्या का निराकरण करे बगैर शिकायत कटवाने के लिए फोन लगा रहे हैं. यहां लोग बीमार पड़ रहे हैं, लेकिन उन्हें कोई परवाह ही नहीं हैं. **- विनोद विश्वकर्मा**



क्षेत्रीय पार्षद से भी शिकायत कर चुके हैं, उन्होंने आश्वासन दिया था, इसके बावजूद आज तक नगर निगम ने इसका निराकरण नहीं किया. निगम अधिकारियों को भी शिकायत कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं. **- कुबेर सिंह चौहान**



क्षेत्र में पानी की बेहद किल्लत है. जो थोड़ा-बहुत पानी मिलता भी है, वह भी इतना दूषित है कि उसे गर्म करके और उबालकर पीने के बाद भी कई तरह की बीमारियां हो रही हैं, जो कभी भी जानलेवा हो सकती हैं. **- सारिका जाटव**